प्रकरण निबटाएं, जिले की रैंकिंग को बेहतर बनाएं : कलेक्टर

समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में निर्देश

मंडला, देशबन्धु। समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि 3 दिवस में अधिक से अधिक प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें।

ऐसे विभाग जिनकी सीएम हेल्पलाईन पेंडेंसी अधिक संख्या में है वे सभी प्राथमिकता के साथ प्रकरणों का निराकरण करें एवं जिले की रैंकिंग को बेहतर बनाएं। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों पर फोकस करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर जेपी यादव एवं हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने 100 दिवसीय निःक्षय शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि शतप्रतिशत रोगियों को चिन्हित करते हुए स्क्रीनिंग जांच के बाद उचित उपचार करें। मिशन नेत्र ज्योति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह में सभी बच्चों की शतप्रतिशत बच्चों की स्क्रीनिंग कराना सुनिश्चित करें। उर्वरक, भंडारण एवं वितरण की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि क्षमता के अनुसार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करें। गेहूं उपार्जन की तैयारियां समयपूर्व पूर्ण करें। बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की विकासखंडवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि भ्रमण कर जल जीवन मिशन के कार्यों का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां समय के पूर्व सुनिश्चित करें। उच्च न्यायालय के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण पर निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा, राजस्व महा अभियान, अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम

मंडला, देशबन्धु। आदिवासी बालिका छात्रावास कालपी मण्डला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत गतिविधियों का आयोजन किया गया। 22 जनवरी 2025 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के संचालन के 10 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिसमें चैंथा सप्ताह अंतर्गत किये जाने वाले कार्यक्रम में जागरूकता सत्र एवं जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कन्या छात्रावास में बालिकाओं को महिला हेल्पलाईन नंबर 181, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, साईबर सुरक्षा हेल्पलाईन 1930, डायल 100, वन स्टॉप सेंटर मण्डला कार्यालय का नंबर 07642252699 के बारे में और उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे इसके प्रचार-प्रसार के लिये भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिलायें एवं बालिकायें उपस्थित थी अतः सेनेटरी पेड का उपयोग किस प्रकार एवं किन परिस्थियों में उपयोग किया जाता है, इसके बारे में विस्तार से समझाया गया।

साथ ही स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से इनके निपटारे की कैसी व्यवस्था होनी चाहिये यह भी बताया गया। इसके अलावा हिमोग्लोबिन की जांच और मासिकधर्म के दौरान आयरनफोलिक एसिड टेबलेट का उपयोग और खान पान

कालपी छात्रावास में आयोजन

में संतुलित आहार एवं स्थानीय फल एवं सब्जियों के उपयोग तथा गर्भधारण एवं पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में जागरूक किया गया। लिंग संवेदीकरण मुद्दे से छात्राओं को अवगत कराया गया।

तत्पश्चात खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आई बालिकाओं को सी.ई.ओ. बीजाडाण्डी वासंती दुबे के द्वारा उपहार देकर बालिकाओं को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग शालिनी तिवारी के निर्देशन में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर मधुलिका उपाध्याय द्वारा संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में बीजाडाण्डी बालिका छात्रावास की अधीक्षिका माया मरकाम, दलकापाडो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता पंद्रो, पर्यवेक्षक मीना तेकाम और परियोजना अधिकारी बीजाडाण्डी मनीषा तिवारी उपस्थित रहीं।

सार-समाचार

प्रज्ञा, नीरज, चांदनी को मिला सम्मान

मण्डला,देशबन्धु। जबलपुर में सेलिब्रेशन ऑफ लव थीम पर महिलाओं के लिए विशेष आयोजन किया गया जिसमें ट्रिपल एम इंटरप्राइजेज की फाउंडर एवं डायरेक्टर मनीषा गुप्ता के द्वारा ष्मिसेज क्वीन ऑफ आर्टष् के टाइटल पर आयोजन में समाज में एकरूपता और समरसता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने विभिन्न चरणों में अपना बेहतर प्रदर्शन किया। आयोजन में हाल को थीम के अनुसार डेकोरेट किया गया इसमें मिसेज क्वीन एवं मिस क्वीन ने रनवे पर रैंप वॉक करते हुए अपना मनमोहक परफॉर्मेंस दिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा को उजागर करना और उनको प्लेटफार्म देना रहा, इस अवसर पर सुभाष वार्ड मंडला निवासी प्रज्ञा नीरज चंदानी के बेहतर परफॉर्मेंस के कारण ष्मिसेज क्वीन ऑफ हार्टष् के प्रथम रनरअप के खिताब पर क्राउन पहनाकर पुरस्कृत किया गया और उनको सम्मानित किया गया।आयोजन में निर्णायक भूमिका में प्रियंका कलचरी, प्राची वाधवा, शिखा जैन, रश्मि खत्री, रिदम सिंघई एवं टीम का विशेष सहयोग रहा, इस अवसर पर अलग-अलग क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

आपदा प्रबंधन विषय पर कार्यशाला

मंडला, देशबन्धु। जिला योजना भवन में आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आपदा से निपटने की तैयारियों के विषय में अलग-अलग विभागों द्वारा अपने प्रस्तुतिकरण दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री जेपी यादव, श्री हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यशाला में एसडीएम बिछिया सोनाली देव ने खुले बोरवेल में होने वाली दुर्घटनाओं के विषय में अपने पूर्व अनुभव के आधार पर प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि सूखे बोरवेल से रेस्क्यू करना थोड़ा आसान है जबकि बोरवेल में पानी होने की स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन अपेक्षाकृत कठिन हो जाता है। इस प्रकार की आकस्मिक आपदा से निपटने के तरीके बताते हुए उन्होंने कहा कि दुर्घटना की सूचना जितने जल्दी मिलती है, उतने जल्दी ही रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया जा सकता है इसलिए सूचना तंत्र का प्रभावी होना आवश्यक है। साथ ही साथ ऐसे मौकों पर कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती होती है। प्रस्तुतिकरण के दौरान उन्होंने इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड की ओर से भूकंप के समय रखने वाली सावधानियाँ और बचाव के तरीके के विषय में प्रस्तुतिकरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभिन्न मौसमी बीमारियों और उनके बचाव के तरीके बताए गए। साथ ही वर्तमान में लोगों को आ रही हृदयघात की समस्या को रेखांकित करते हुए जानकारी दी गई कि परिजनों को सीपी-सीआर के बारे में जागरूक होना आवश्यक है, इससे जीवन रक्षा की संभावनाएं बढ़ जाती है।

युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज

मंडला, देशबन्धु। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार 18 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से नगरपालिका टाऊनहॉल मंडला में शासकीय आईटीआई मंडला, जिला रोजगार कार्यालय, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र मंडला द्वारा संयुक्त रूप से रोजगार/स्वरोजगार, युवा-संगम मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार हेतु देश की प्रतिष्ठित कंपनी होंडा मोटर बेंगलौर द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को होंडा कंपनी तथा प्रदेश एवं जिले की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर दिए जाएँगे। युवा संगम मेले में इच्छुक व्यक्ति अपने मूल दस्तावेज एवं शैक्षणिक बायोडाटा सहित उपस्थित हों।

पानी के लिए मचेगा हाहाकार, जल जीवन मिशन में हो रहा भारी भ्रष्टाचार

मंडला,देशबन्धु। मध्य प्रदेश के मंडला जिले में पानी के लिए हाहाकार होनेवाला है पानी की समस्या अभी से सताने लगी है पानी के लिए लोग परेशान हो रहे हैं लगातार इस आशय की खबर भी प्रकाशित की जा रही है लेकिन किसी के कानों में सुनाई तक नहीं दे रहा है पिछले दिनों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव मंडला आए हुए थे मंत्री की उपस्थिति में बैठक हुई थी।

जिसमें शासन प्रशासन के सभी अधिकारी मौजूद थे बैठक के बाद कोई परिणामकारी कार्य नहीं हुआ यही वजह है कि आज भी जल जीवन मिशन में घोर लापरवाही चल रही है काम अटके पड़े हुए हैं काम तेजी के साथ पूरे नहीं किया जा रहे हैं गर्मी का मौसम लगभग शुरू हो चुका है पानी की समस्या इसी समय ज्यादा रहती है इन सबके बावजूद शासन प्रशासन का उदासीन रवैया लोगों के समझ में नहीं आ रहा है सबसे शर्मनाक बात तो यह है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का यह गृह जिला मंडला है उनके गृह जिले में ही घोर लापरवाही चल रही है तो संपूर्ण मध्य प्रदेश में इस तरह की लापरवाही होना आम बात हो गई है लोग मान रहे हैं कि संबंधित विभाग बेहोशी का परिचय दे रहा है।

मंत्री और प्रमुख सचिव मुक्त दर्शक बनकर तमाशा देख रहे हैं और सिर्फ बैठक करके समीक्षा की नौटंकी करके पेयजल समस्या को सुलझाने का पाखंड कर रहे हैं इस समय मध्य प्रदेश के मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा में जल जीवन मिशन का काम आधार में लटका हुआ है यहां पर प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन नहीं किया जा रहा है कई घर छूट गए हैं जिनके घर में नल कनेक्शन जानबूझकर नहीं किया जा रहा है पानी की सप्लाई शुरू नहीं की जा रही है पानी सप्लाई शुरू करने के पहले जो जरूरी काम किया जाना चाहिए वे सभी जरूरी काम यहां पर नहीं किया जा रहे हैं ठेकेदार को पूरी तरह संरक्षण प्रदान किया जा रहा है ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसकी वजह से लोग नाराज है नागरिकों की मांग है कि तत्काल जांच की जाए और सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संपूर्ण मंडला जिले में जल जीवन मिशन की दुर्गति दूर की जाए जल जीवन मिशन का कार्य तेजी के साथ सभी जगह पूरा कर पानी की सप्लाई शीघ्र शुरू कराई जाए

जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार की स्थिति खराब, जिम्मेदार बेखबर

मंडला, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के जिले में चुनाव जीतने के बाद जनपद जिला पंचायत सदस्य विधायक व सांसद आखिरकार क्या कर रहे हैं। लोग लगातार सवाल कर रहे हैं लोगों का आरोप है कि उनके द्वारा विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंडला जिले में शिक्षा स्वास्थ्य सड़क यातायात रोजगार की स्थिति खराब है।

इस जिले में गंदगी बीमारी धांधली निरक्षरता बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं लगातार सवाल किया जा रहा है कि उनके द्वारा कौन-कौन से काम कराए जा रहे हैं इसके बावजूद भी उनके कामों की जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है तत्काल पता लगाया जाए और शासन प्रशासन द्वारा एवं नागरिकों द्वारा भी जनप्रतिनिधियों को सक्रिय करने के लिए मजबूर किया जाए ऐसी जन अपेक्षा है फिलहाल उनकी निष्क्रियता से लोग नाराज हैं लोगों का मानना है कि यह निष्क्रियहोकर काम कर रहे हैं यही वजह है की सरकारी तंत्र उनकी निष्क्रियता का फायदा उठाकर मनमानी लापरवाही एवं धांधली करने पर उतारू है जनप्रतिनिधि शीघ्र जागे ऐसी जन अपेक्षा है।

प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

मंडला, देशबन्धु। केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय स्तर की उप-योजना प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का अनुमोदन किया है। योजना का क्रियान्वयन 4 वर्षों तक किया जाना है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा विकसित नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म पर इच्छुक मछुआरे, मत्स्य किसान, मत्स्य विक्रेता एवं मत्स्य उद्यमी अपना पंजीयन करवाकर एनएफडीपी प्लेटफार्म पर ही ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एनएफडीपी प्लेटफार्म पर प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत ऋण सुविधा, मत्स्य सहकारी समितियों का सशक्तिकरण, जलीय कृषि बीमा, प्रदर्शन अनुदान ट्रैसेबिलीटी, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण इत्यादि गतिविधियां सम्मिलित हैं।

लाडली बहनों की घोर उपेक्षा

मंडला, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के पूर्व मध्य प्रदेश के मंडला जिले में भी लाडली बहनों के लिए आवास योजना के फॉर्म भरे गए थे जिसका नाम दिया गया था लाडली आवास योजना चुनाव के पूर्व इतनी तेजी से आवेदन पत्र की प्रक्रिया पूरी कराई गई थी फॉर्म भरने की प्रक्रिया पूरी कराई गई थी।

उसे उसके बाद उसी तेजी से चुनाव संपन्न होने के बाद उसे कूड़ेदानमें डाल दिया गया है अभी तक लाडली आवास योजना का क्रियान्वयन शुरू नहीं हो पाया है सरकार तो ध्यान दे ही नहीं रही है मध्य प्रदेश में विपक्ष भी इस मुद्दे को लेकर शांत बैठा हुआ है जन अपेक्षा है तत्काल लाडली आवास योजना का लाभ लाडली बहनों को दिया जाए।

कौन दबा रहा पीएम आवास गड़बड़ी की जांच ?

मंडला,देशबन्धु। मध्य प्रदेश के मंडला जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भारी गड़बड़ी हो रही है अपात्र को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है और जरूरतमंद योजनाओं का लाभ पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं मध्य प्रदेश के मंडला जिले की तहसील नैनपुर के ग्राम परसवाड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भारी गड़बड़ी की गई है इस संबंध में कलेक्टर को शिकायत की गई थी जांच की गई जांच में गड़बड़ी सही पाई गई इसके बाद भी सभी दोषियों को बचाने की पूरी कोशिश की जा रही है काफी समय पहले जांच हो चुकी है लेकिन अभी तक कोई परिणामकारी कार्यवाही जांच अधिकारियों द्वारा नहीं की गई है बताया जा रहा है कि इन्हें संरक्षण प्रदान किया जा रहा है कलेक्टर की जांच को दबा दिया गया है और सही जानकारी शासन प्रशासन को जांच के संबंध में नहीं प्रेषित की जा रही है ग्राम परसवाड़ा में जो भी गड़बड़ी हुई है उसकी पुनः जांच पड़ताल कराई जाए और सभी दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए ऐसी जन अपेक्षा है।

काश इसी तरह जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सक्रियता दिखाते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी

मंडला, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के मंडला जिले में विधायक के परिजन और एसडीएम का विवाद चर्चा का विषय बना हुआ है मंडला जिले की तहसील घुघरी के एसडीएम अवैध खनन की जांच करने के लिए गए थे जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि विधायक नारायण के परिजनों के साथ एसडीएम का विवाद हुआ है एसडीएम को घेर लिया गया था बताया जा रहा है कि एसडीएम घर के अंदर चले गए थे और उनके परिजनों के साथ विवाद किया था विवाद के बाद ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया था और माफी मांगने के बाद ही उन्हें छोड़ा है ऐसी जानकारी मिली है।

लेकिन सही क्या है इसकी गोपनीय जांच होना चाहिए बताया जा रहा है कि इस बात को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी मंडला आ गए थे और एसडीएम के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है चेतावनी दी गई है कि यदि कार्रवाई नहीं की जाएगी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा लोगों का कहना है कि इस तरह का दबाव बनाना आखिरकार क्यों जरूरी हो गया क्या विधायक सक्षम नहीं थे जो इस विवाद को सुलझा नहीं सकते थे या यह सिर्फ प्रदर्शन करने के लिए यह सब कुछ किया गया था लगातार लोग इस विषय पर चर्चा कर रहे हैं कई लोग चर्चा कर रहे हैं की चोरी की चोरी ऊपर से सीना चोरी जैसी बात समझ में आ रही है लोग तो यह भी चर्चा कर रहे हैं कि अवैध उत्खनन हो रहा था और एसडीएम कार्रवाई करने के लिए गए थे।

लेकिन उन्हें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा जो चर्चा का विषय बना हुआ है क्या एसडीएम सही में दोषी है या वह दोषी है जो अवैध उत्खनन कर रहा था और अपने आप को बचाने के लिए एसडीएम को दोषी ठहराया गया लोगों का मानना है कि यदि सही में एसडीएम घर में घुस गए थे तो यह उचित नहीं है लेकिन यह भी पता लगाना जरूरी है कि क्या यह सही है इस विषय की उच्च जांच पड़ताल शासन प्रशासन द्वारा की जाए एसडीएम यदि दोषी हैं तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए और जो अवैध उत्खनन कर रहे थे या कर रहे हैं उनके खिलाफ भी दंडात्मक कार्यवाही की जाए लोगों का कहना है कि जिस तरह कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विधायक के परिजन और एसडीएम के विवाद को लेकर मंडला आकर सक्रियता दिखाई थी और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठकर विवाद को सुलझाने के लिए कहा था कार्यवाही करने के लिए भी कहा था इस तरह लोगों का कहना है कि मध्य प्रदेश के मंडला जिले की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए भी जीतू पटवारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इसी तरह की सक्रियता दिखाते तो बेहतर होता लोग इस बात को लेकर चर्चा कर रहे हैं कि जीतू पटवारी इस तरह की सक्रियता जन समस्याओं के निराकरण के लिए क्यों नहीं दिखा पा रहे हैं विधायक के परिजन का विवाद रहा जो कांग्रेस के विधायक हैं उनके लिए सीधे मंडला पहुंच जाना और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करना चर्चा का विषय बना हुआ है लोग चाह रहे हैं कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जन समस्याओं के निराकरण के लिए भी मंडला सहित संपूर्ण मध्य प्रदेश में सक्रियता दिखाएं तो ज्यादा बेहतर होगा।

बुजुर्ग की हत्या में महिला सहित तीन गिरफ्तार

दमोह, देशबन्धु। कोतवाली पुलिस ने वन विभाग डिपो क्षेत्र में हुई बुजुर्ग जगदीश विश्वकर्मा की हत्या का दो दिन में खुलासा कर दिया है। इस मामले में अवैध शराब बेचने वाली एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सभी आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया।

सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि शनिवार सुबह वन विभाग के शासकीय डिपो में जगदीश विश्वकर्मा का शव मिला था। घटनास्थल सुनसान इलाका था। मृतक के बेटे योगेश विश्वकर्मा की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की और दिनेश कुचबंदिया (22), आनंद मुड़ा (39) और नारंगी बाई कुचबंदिया (35) को हिरासत में लिया। पूछताछ में सामने आया कि घटना की रात जगदीश विश्वकर्मा नारंगी कुचबंदिया के पास देसी महुआ शराब पीने गया था। इसी दौरान पैसों के पुराने लेन-देन को लेकर विवाद हुआ, जो बढ़कर गाली-गलौज तक पहुंच गया। झगड़े में नारंगी कुचबंदिया, उसका देवर विनोद कुचबंदिया और ग्राहक दिलीप मुड़ा शामिल हो गए। नशे में धुत तीनों ने चाकू से हमला कर बुजुर्ग की हत्या कर दी।पहचान छिपाने के लिए चेहरा बिगाड़ा-हत्या के बाद आरोपियों ने मृतक की पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे पर कई वार किए।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। जिस स्थान पर यह हत्या हुई, वो कच्ची शराब के लिए मशहूर है।

अस्पताल में भर्ती मरीज का डांस चर्चा में

दमोह, देशबन्धु। दमोह जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज का डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में मरीज अलग-अलग गानों पर डांस करता नजर आ रहा है। इससे वार्ड में भर्ती अन्य मरीज और उनके परिजन परेशान हो गए। सोमवार को यह वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने सफाई देते हुए कहा कि संबंधित मरीज मानसिक रूप से बीमार था। उसका इलाज किया गया और सुधार होने पर उसे छुट्टी दे दी गई थी। दमोह जिला अस्पताल अक्सर चर्चा में बना रहता है। कभी बच्चा चोरी की घटनाएं सामने आती हैं तो अब एक मरीज के डांस का वीडियो वायरल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फुटेराकला निवासी 40 वर्षीय गणेश प्रताप घनश्याम पटेल को मानसिक बीमारी के चलते जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान मरीज ने वार्ड में कई गानों पर डांस किया, जिसका किसी युवक ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। शुरुआत में अन्य मरीजों और उनके परिजनों ने इसे सामान्य माना, लेकिन जब मरीज काफी देर तक गाने गाकर डांस करता रहा तो लोग परेशान होने लगे। इसके बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे कि क्या मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों को सामान्य मरीजों के साथ रखना उचित है?

सप्ताह में दो दिन साइकिल या बाइक से न्यायालय जाएंगे न्यायाधीश

दमोह, देशबन्धु। दमोह जिला न्यायालय के सभी न्यायाधीशों ने ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक नई पहल की शुरुआत की है। सोमवार सुबह सभी न्यायाधीश साइकिल या बाइक से न्यायालय पहुंचे, जिससे आमजन आश्चर्यचकित रह गए। इस पहल के तहत अब प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को न्यायाधीश साइकिल या बाइक से ही न्यायालय आएंगे।

यह निर्णय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुरोध पर लिया गया है। जिला सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य समाज में ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में एसी, कूलर, पंखे और डीजल-पेट्रोल के बढ़ते उपयोग से पर्यावरण को नुकसान होता है। इसलिए, यह आवश्यक है कि सभी लोग ऊर्जा की बचत की दिशा में कदम उठाएं। जिला न्यायालय में कुल 18 न्यायाधीश कार्यरत हैं, जिनमें से कुछ अवकाश पर थे, लेकिन शेष सभी ने इस मुहिम की शुरुआत कर दी। यातायात सुधार में भी निभाई अहम भूमिका- इससे पहले भी न्यायाधीशों ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई थी। वे स्वयं सड़क पर उतरकर यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई में पुलिस का सहयोग कर चुके हैं।